तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 मोहब्बत और भाईचारे के साथ मनाया गया ईद पर्व

14 देश में अमन, चैन, शांति, भाईचारे के लिए मांगी दुआ





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

उठाव शुरू नहीं होने से समितियों में लगा जाम

# चना खरीदी : एक माह बाद भी किसानों को भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समर्थन मूल्य पर चना बेचने बेचने वाले किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। अब तक एक भी किसान को भुगतान नहीं किया गया है। वहीं उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्र प्रबंधन की समस्या बढ़ गई है। दिन ब दिन चना में सूखत की मात्रा बढ़ रही है। तरसींवा खरीदी केंद्र में तो इतनी खरीदी हुई है कि चना रखने के लिए जगह कम पड़ने लगी है।

फसल चक्र को बढ़ावा देने के लिए इस साल से सरकार ने समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी शुरू कर दी है। पहले ही साल खरीदी में अव्यवस्था का आलम है। खरीदी 1 मार्च से शुरू है, लेकिन अब तक एक भी किसान को चना खरीदी का भुगतान नहीं किया गया है। एक माह बाद भी भुगतान नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों ने बताया कि धान बेचने के बाद भुगतान के लिए कभी भी उन्हें इतना लंबा इंतजार करना नहीं पड़ा है, जितना चना बेचने के बाद करना पड़ रहा है। किसान अशोक साहू, मुकेश साहू सहित अन्य ने बताया कि चना की खेती का कर्जा अभी तक चुकता नहीं हुआ है। लगातार खाद, दवा दुकान वाले भुगतान के लिए दबाव बना रहे हैं। मिंजाई करने वालों को भी पेमेंट करना बकाया है। उन्होंने मांग की है कि सरकार शीघ्र ही चना खरीदी का भुगतान करें।

### इसलिए आ रही परेशानी

चना खरीदी शुरू हुए एक माह हो चुके हैं लेकिन अब तक चना संग्रहण के लिए गोदाम की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। चना की फसल पानी बिल्कुल भी सहन नहीं करती है, इसलिए इसे गोदाम में रखा जाना बेहतर है। उधर गोदाम की व्यवस्था नहीं होने के कारण चना के एक बीज का भी परिवहन नहीं हुआ है। खरीदी केंद्रों में चना जस का तस रखा हुआ है। बताया गया है कि खरीदी केंद्र शासन की ओर से हो रही है। ऐसे में चना के परिवहन के बाद भी खरीदी का भुगतान होगा। परिवहन के अभाव में भुगतान भी अटका हुआ है।





### करोड़ों का भुगतान रूका

अब तक करीब 1 हजार किसानों से 10 हजार क्विंटल चने की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 5 करोड़ 65 लाख रुपए का भुगतान किया जाना है। भुगतान के अटक जाने की सूचना के बाद किसानों ने समितियों में चना बेचना कम कर दिया है। उधर व्यापारियों ने भी चना का मूल्य बढ़ा दिया है। किसानों के घर से ही 54 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से चना खरीद रहे हैं। स्थिति को देखते हुए किसान समर्थन मूल्य की बजाय व्यापारियों को चना बेच रहे हैं। इसमें किसान को थोड़ा नुकसान जरूर हो रहा है, लेकिन भुगतान तत्काल मिल रहा है।

### सबसे ज्यादा खरीदी तरसींवा में

उठाव नहीं होने से समितियों में चना जाम हो गया है। सबसे ज्यादा चने की खरीदी तरसींवा खरीदी केंद्र में हुई है। यहां पर पांच समितियों के किसानों के चने की खरीदी की जा रही है। इस खरीदी केंद्र से करीब 32 गांवों को कवर किया गया है। जानकारी के अनुसार अब तक 9255 कट्टा चना की खरीदी हुई है। हर कट्टा में 50 किग्रा भर्ती ली जा रही है। इस हिसाब से 4627.50 क्विंटल चना की खरीदी हो चुकी है। अब तक उठाव शून्य है। छाती खरीदी केंद्र में 126 किसानों से 1043 क्विंटल चना खरीदी की गई है। 5 अन्य खरीदी केंद्रों में भी यही स्थिति है।

### सरसों, मसूर की खरीदी नहीं

सरकार ने चना के साथ मसूर और सरसों की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की घोषणा की है। खरीदी केंद्रों में बकायदा खरीदी केंद्रों में सूचना भी चस्पा की गई है, जिसके अनुसार मसूर 6700 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों की 5950 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदी की जानी है। अब तक इन दोनों फसल की खरीदी की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। किसान रोजाना खरीदी केंद्र पहुंचकर इन दोनों फसल की खरीदी शुरू होने की जानकारी मांग रहे हैं लेकिन अधिकारी कोई भी संतोषप्रद जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

## पांच साल से फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ एक्सीडेंट के मामले में था फरार

एक्सीडेंट के एक मामले में पांच साल से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। जिले के फरार अपराधी व स्थायी वारंटियों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

इसी क्रम में साइबर टीम ने पांच साल से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। साइबर टीम को मुखबीर से थाना नगरी के एक्सीडेंट के मामले में दर्ज अपराध की धारा 379 भादवि के आरोपी स्थायी वारंटी बलवंत गौरिया पिता कमल उम्र 25 वर्ष ग्राम भटगांव थाना रूद्री निवासी को अपने घर पहुंचने की सूचना मिली। साइबर प्रभारी सन्नी दुबे तत्काल टीम के साथ भटगांव पहुंचे। जहां सथायी वारंटी के घर की घेराबंदी कर आरोपी बलवंत गौरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में आरक्षक फनेश साहू, योगेश नाग व युवराज ठाकुर की भूमिका रही।



## राइजिंग पाइप की मरम्मत से कई वार्डों में पानी सप्लाई रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिहावा चौक के पास राइजिंग पाइप में लीकेज की मरम्मत के चलते शहर के कुछ वार्डों में सोमवार को पानी सप्लाई बाधित रही। शाम तक लीकेज को सुधार लिया गया है। आज सुबह से सप्लाई बहाल होने की उम्मीद की जा रही है।

सिहावा चौक के पास राइजिंग पाइप में लीकेज की समस्या आ गई थी। राइजिंग पाइप में पानी का प्रेशर काफी अधिक रहता है। इसी पाइप से ही ओव्हरहेड टंकियों को भरा जाता है। लीकेज बढ़ने के डर से तत्काल ही नगर निगम ने सुधार कार्य शुरू किया। सोमवार को दिन भर सुधार कार्य चलता रहा। महापौर रामू रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सुधार कार्य का जायजा भी लिया। सुधार कार्य के कारण सोमवार को श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, सुंदरगंज वार्ड, औद्योगिक वार्ड में पानी की सप्लाई बाधित रही। शाम तक लीकेज सुधार लिया गया। ओव्हरहेड टंकियों में पानी भरने का काम भी शुरू कर दिया गया है। सुबह सभी वार्डों में पानी की सप्लाई दुरूस्त होने की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप

### गौरव कुमार का नवोदय विद्यालय में चयन

**धमतरी।** ग्राम हसदा पलारी के गौरव कुमार साहू पिता उत्तम कुमार साहू का नवोदय विद्यालय बालोद में चयन हुआ है। उनके चयन से ग्रामवासियों में हर्ष है। उन्होंने अपने चयन का श्रेय गुरुजनों एवं परिजनों को दिया है। इस उपलब्धि पर ऐश्वर्य कुमार, खिलावन राम, टुकेश कुमार, एगेश्वर, नंद कुमार, गजेंद्र भेंसले, रिकेश्वर कुमार, राजेंद्र कुमार, संतोष कुमार, तुलाराम, सेवाराम समेत अनेक ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### छत से कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर के कूदकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना के ग्राम देमार निवासी बीरेंद्र ढीमर पिता मोहनलाल उम्र 38 वर्ष कपड़ा सिलाई का काम करता था। युवक की कुछ दिनों से दिमागी हालत ठीक नहीं थी। परिजन युवक को सोमवार की सुबह उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले जाने तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान युवक अचानक दौड़ते हुए छत पर गया और नीचे छलांग लगा दी। गंभीर हालत में युवक को मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## साइकिल की चोरी करते कैमरे में कैद हुआ चोर

■ शहर में साइकिल व बाइक चोर गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक शातिर चोर दिनदहाड़े एक प्रिन्टर्स दुकान के सामने खड़ी साइकिल की चोरी कर ले गया। चोर की करतूत सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है।

शहर में कुछ समय तक चोरी की घटना थम गई थी, लेकिन बीते कुछ दिनों से चोरी की घटना सामने आ रही है। शहर के भीड़भाड़ इलाको में खड़ी साइकिल व बाइक की चोरी होने लगी है। पखवाड़े भर से बाइक चोरी की तीन से चार घटना की शिकायत थानों में की जा चुकी है। बाइक चोर के साथ साइकिल चोर भी मौका देखते ही चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। बीतें दिनो भीड़भाड़ वाले क्षेत्र इतवारी बाजार में चोर ने बड़ी दिलेरी के साथ प्रिंटर्स के सामने खड़ी साइकिल की चोरी कर ली। एकता प्रिंटर्स के बाहर सड़क पर एक खड़ी साइकिल चोरी की घटना वहां पर लगे सीसी टीवी कैमरे रिकार्ड हो गई। फुटेज में प्रिंटर्स के बाहर सड़क पर एक बाइक व उसके पीछे एक साइकिल खड़ी है। इसी दौरान एक सफेद शर्ट पहने व सिर पर गमछा बांधे एक व्यक्ति वहां पहुंचकर आसपास की गतिविधियों का जायजा लेता रहा। तभी एक व्यक्ति प्रिंटर्स का गेट खोलकर भीतर चला गया। चोर वहीं पर खड़ा होकर चुपचाप देखता रहा। कुछ देर बाद चोर अपनी कमर में दबाकर रखे औजार से साइकिल का ताला तोड़ बड़ी सफाई से साइकिल का ताला तोड़ने लगा। इसी दौरान सड़क पर बाइक सवार व पैदल चलने वालों की आवाजाही हो रही थी। इसके बाद भी चोर बड़ी दिलेरी के साथ साइकिल को चलाते हुए वहां से फरार हो गया। दिनदहाड़े हो रही इस तरह की चोरी की घटनाओं से घर व दुकानों के सामने खड़ी साइकिल व बाइक व अन्य सामान सुरक्षित नहीं है। बड़ी कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।



## दुगली के जंगल में दर्जनभर हाथियों की आमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिकासेर दल के लगभग दर्जनभर हाथी दुगली के जंगल पहुंच गये हैं। हाथियों की उपस्थिति से आसपास के 8 गांवों को अलर्ट किया गया है।

गर्मी के दिनों में जंगली जानवर पानी की तलाश में अब भटकने लगे हैं। जिले के विभिन्न बांधों में पानी का पर्याप्त स्त्रोत होने से जंगली जानवर बांधों की ओर रूख करने लगे हैं। गरियाबंद वनमंडल में विचरण कर रहे सिकासेर दल के 10 से 15 हाथी दुगली के चारगांव परिसर में विचरण कर रहे हैं। हाथी निगरानी दल प्रभारी सिलवर कुमार सोम ने बताया कि सोमवार की शाम को सिकासेर दल के करीब दर्जनभर हाथियों को सहायक परिक्षेत्र जबर्रा के पश्चिम चारगांव परिसर के कक्ष क्र. 335 में विचरण करते देखा गया है। हाथियों द्वारा फसल या किसी प्रकार की क्षति की खबर नहीं है। गजकन्हार, जबर्रा, चारगांव, तुमबाहरा में रेड अलर्ट किया गया है। खरका, कल्लेमेटा, डोंगाडुला, बिलभदर गांव को येलो अलर्ट में रखा गया है।

### 4 गांव रेड अलर्ट पर, 4 गांव में येलो अलर्ट



देशी-विदेशी सेब का दाम 250 से 300 रुपए किलो

## गर्मी में फलों के दाम आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गर्मी में मौसमी फलों के दाम आसमान छूने लगे हैं। देशी विदेशी सेब का दाम लगभग बराबरी पर आ गया है। आंध्रा का बैगनफल्ली आम और सीजन समाप्त होने से पहले अंगूर भी खूब भाव खा रहा है। फलों के शौकिनों को लीची, स्ट्राबेरी का इंतजार है।

नवरात्रि का पर्व शुरु हो गया है। रमजान के महीने में रोजेदारों में फलों की अच्छी मांग रहती है। मांग के अनुरूप फलों की आवक कम होने से सीजनेबल फलों के दाम में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। 24 कैरेट डेलीनीड्स के संचालक दीपक बजाज बताते हैं कि सेब फल की मांग बारहों माह रहती है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल के देशी सेब का दाम अमूमन 150 से 200 रुपये तक रहता है, आज उसकी कीमत 260 रूपए किलो हो गई है। वहीं विदेशी सेब 200 से 250 रुपए पर मिलता था। वह 300 रुपये पर आ गया है। वर्तमान में आंध्रा का बैगनफल्ली आम बाजार में है। इसके दाम 200 से 240 रुपये है। महीने भर में स्थानीय आम की आवक होगी, तब दाम में गिरावट आएगी। गर्मी में खरबूजे और नारियल पानी की मांग खूब है। खरबूजा 60 से 70 रुपए किलो तथा पानी वाला नारियल एक नग 60 से 70 रूपये में बिक रहा है। तरबूज के दाम सामान्य है। 25 से 30 रुपए किलो में बिक रहा है। विदेशी फलों में कीवी उपलब्ध है। तीन नग का पैकेट 150 रूपये है। उन्होंने बताया कि फलों के शौकिनों को अब लीची, स्ट्राबेरी का इंतजार है। महीनेभर में यह फल बाजार में आ जाएगा। अंगूर का सीजन अब समाप्त होने पर है। आखिरी सीजन में अंगूर का दाम 120 से 140 रुपए किलो है, केले का दर्जन 60 रुपये है। नवरात्रि पर्व पर केले की मांग खूब रहती है।



### विलुप्त हो रहे स्थानीय फल

गर्मी के दिनों में आने वाले तेंदू और बेर बाजार में बहुत कम नजर आ रहे हैं। जिले के जंगलों में पाए जाने वाला तेंदू फल बाजार में 200 रुपये किलो में मिल रहा है। तेंदू की आवक कम होने से इसका भाव बढ़ा हुआ है। वहीं बाजार में स्थानीय बेर बहुत कम नजर आ रहे हैं। वनांचल क्षेत्र के केरेगांव निवासी रामगुलाल ध्रुव, राजेश ठाकुर ने बताया कि इस साल तेंदू की फसल कम आई है। देशी बेर की मांग कम होने से वनवासी बेर की गुठली से चिरौंजी निकालकर बेचते हैं।

## छग में द्रोणिका, कल गरजेगा बादल

**धमतरी।** दक्षिण छग से विदर्भ होते हुए महाराष्ट्र तक एक द्रोणिका बनने से प्रदेश का मौसम करवट लेने वाला है। 2 अप्रैल से प्रदेश के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन, तेज हवाएं के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में 1 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। दक्षिण छग से विदर्भ होते हुए महाराष्ट्र तक द्रोणिका और मराठावाड़ा के ऊपर समुद्रतल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण बनने के कारण 2 अप्रैल से प्रदेश के एक दो स्थानों पर बादल के गरजने, तेज हवा चलने तथा हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 1 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने तथा धमतरी जिले का अधिकतम तापमान 38 से 22 डिग्री के आसपास बना रहेगा।

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने एसडीएम, सीईओ से भेंट की

**नगरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के प्रतिनिधिमंडल ने नगरी अनुभाग में नवपदस्थ सुश्री प्रीति दुर्गम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, करूणा सागर पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। फेडरेशन ने अधिकारियों से मिलकर कर्मचारियों के हित पर कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, महासचिव गिरीश जायसवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, विजय गेंडरे, अशोक साहू, तरुण कुमार साहू ,प्रवक्ता केपी साहू, बेलर तहसील संयोजक सुरेंद्र नेताम, सहायक शिक्षक फेडरेशन अध्यक्ष शरीफ बेग मिर्जा, श्रवण कुमार साहू, कोमलुराम नेताम सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### दंतेश्वरी मंदिर में आस्था की ज्योति जगमगा रही

**नगरी।** ग्राम सांकरा के माई दन्तेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर 92 ज्योति प्रज्वलित की गई है। ज्योति प्रज्वलन से पूर्व आचार्य पंडित उदेभानु दीवान ने विधिवत पूजा-अर्चना की। मौके पर ग्राम पुजारी कुमेश पटेल, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, छगन साहू, टिकेश साहू, गोपी पटेल, राजू पटेल, यतीन्द्र पटेल, चुम्मन पटेल, शंकर पटेल, बलदाऊ यादव, मोहन साहू, हजारी सेन, कैलाश बिसेन, प्रमोद पटेल, निर्भय बोरछा सहित देव समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### लावण्या का नवोदय विद्यालय में चयन

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला सोनपैरी में अध्ययनरत कक्षा



पांचवीं की छात्रा लावण्या लहरे पिता देवलाल लहरे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए हुआ है। विद्यालय की प्राचार्य टीनूबाला साहू, शिक्षिका अंजेला खलको, शिक्षक ह्यूमन साहू सहित शाला परिवार एवं उनके परिजनों ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बस्तर महाराजा से मिले जिला भाजपा मंत्री

**नगरी।** जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा ने जगदलपुर राजमहल में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान उनके साथ जगदलपुर निवासी अमरचंद गोलछा भी मौजूद रहे।

### सियारीनाला स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सियारीनाला को पालक, शिक्षक एवं ग्रामवासियों ने 43 इंच का स्मार्ट टीवी प्रदान किया साथ ही कक्षा पांचवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह रखा गया। जयश्री कृष्णा स्व-सहायता समूह गुडरापारा द्वारा न्योता भोज में खीर पूड़ी एवं पनीर परोसा गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सुगोन नेताम, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कल्याण कुंजाम, प्रपा. खेमन सार्वा, सहायक शिक्षक सुनील कुंजाम, होमनलाल साहू, लीना नेताम, सरोजनी कुंजाम, चमरीन बाई पंच, खिलेश्वरी निषाद, ममता पडौटी, भगवती पड़ौटी, सावित्री कुंजाम, देवदत्त पडौटी, चिंतराम सोरी उपस्थित थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

करेली बड़ी में कबीर सत्संग का हुआ समापन

# मनुष्य जन्म दुर्लभ है, भगवान की भक्ति कर इसे सार्थक बनाएं : चंद्रकला साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





कबीर सत्संग समिति करेली बड़ी के तत्वावधान में साहू समाज भवन में कबीर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन 31 मार्च सोमवार को हुआ। अंतिम दिन प्रवचनकर्ता साध्वी चंद्रकला साहेब ने कहा कि मनुष्य का जन्म इस धरती पर दुर्लभ है। मनुष्य ही ऐसे प्राणी हैं जो बोलकर भावनाओं को समझ लेता है। भगवान ने मनुष्य को मानव योनी देकर सृष्टि निर्माण का दायित्व दिया है। मानव जन्म भगवान की भक्ति करने के लिए है। सोने के लिए नहीं। जो सोता है, वह मनुष्य जन्म खो जाता है। इस मनुष्य जन्म को सार्थक बनाना है तो भगवान की भक्ति कीजिये।

सत्संग सुनने जितेंद्र निषाद, बलिराम साहू, भाऊराम साहू, खेमलाल साहू, सुरेश साहू, सोमू, चरण, शेषनारायण साहू, नारायण साहू, कृपा साहू, रामदयाल साहू, कांशी साहू, हसन साहू, किशोर साहू, अश्वनी साहू, नागेश साहू, तारेश्वर, नरेश साहू, टकेश्वर साहू, देवनाथ साहू, नरेंद्र साहू, गोमती, भगवंतीन, प्रेमलता साहू, क्षमानिधि साहू, देवकी साहू, परागा साहू समेत बड़ी आसपास के श्रद्धालु पहुंचे थे।

### बाह्य आडम्बरों का कबीर ने किया विरोध

साहेब ने बताया कि कबीर का जन्म समाज में फैली विषमता के समय हुआ। बाह्य आडम्बरों से समाज भरा हुआ था। उन्होंने समाज में हो रहे आडम्बरों का खुलकर विरोध किया। लोगों को साहित्य के माध्यम से जगाने का प्रयास भी किया। कबीर ने समाज के अंधविश्वास, आडम्बरों, कुरूतियों पर तंज कसा। लोगों को ऐसे आडम्बरों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उनका उद्देश्य समाज में एकता स्थापित करना है।

### साहेब बंदगी का अर्थ बताया

चंद्रकला साहेब ने प्रवचन में बताया कि साहेब बंदगी का अर्थ पैर से सिर तक प्रणाम करना है। साहेब शब्द हिंदू और बंदगी मुस्लिम संप्रदाय से लिया गया है। इस प्रकार साहेब बंदगी हिंदू और मुस्लिम को मिलाने का प्रयास किया है।

### सुदामा की मित्रता तो दुनिया जानती है

चंद्रकला साहेब ने आगे कहा कि मित्रता हो तो सुदामा और श्री कृष्ण की तरह होनी चाहिए। हर समय साथ देने वाले तथा अमीरी और गरीबी के भेद को मिटाने वाले। हर व्यक्ति को अपने कमाई का दसवां हिस्सा परमार्थ में लगाना चाहिए। इससे पुण्य मिलता है। दुखियों की सेवा करनी चाहिए। धर्म का अर्थ दया, करुणा, परोपकार है। गोबरा आश्रम से समेंद्र साहेब, सुरेंद्र साहेब ने कबीर के विचारों को बताया।

## शीतला शक्तिपीठ सिहावा में 1039 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित

- मंदिर परिसर रंगबिरंगी रोशनी से जगमगा रहा, 4 अप्रैल तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ रविवार से शुरू हो गया। नवरात्रि के प्रथम दिवस शीतला शक्ति पीठ सिहावा में आस्था के दीप प्रज्वलित करने वालों की भीड़ लगी रही।शुभ मुहूर्त दोपहर 1.30 बजे मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में 1039 आस्था के दीप जगमगा रहे हैं जिसमें घी के 102 व तेल के 937 ज्योति शामिल हैं। घट स्थापना के लिये आचार्य चंद्रहास दुबे ने ज्योतिधारियों को संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में आदि शक्ति की उपासना से मनुष्य का जीवन कल्याणकारी हो जाता है।

शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि स्वंभूमाता शीतला के प्रति श्रद्धालुओं की आगाध आस्था होने से इस मंदिर में दिन प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं व अपनी मनोरथ के लिये याचनायें करते हैं और सभी को माता की असीम कृपा प्राप्त होती है। चैत्र नवरात्रि को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के लिये व्यापक तैयारी की गई है। रंग बिरंगी रोशनी से पूरा मन्दिर परिसर जगमगा रहा है। तृतीय दिवस से अष्टमी तक रोजाना भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। सांस्कृतिक आयोजन किये जायेंगे।1 अप्रैल को जगराता, 2 को संगीत मय मानस संगोष्ठी, 3 व 4 अप्रैल को हरि संकीर्तन होगा।

समिति के प्रमुख संचालक कलम सिंह पवार, महासचिव नेमसिंह बिशेन, सहसचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद , बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, तुकाराम साहू, गैंदलाल शाण्डिल्य ,पुजारी ज्ञान सागर पटेल, तुका सिंह, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, दीपक तंवर, ललित निर्मलकर, सुभाष यादव, महेंद्र साहू , अभय नेताम, ख़रिभान शाण्डिल्य, तुलसी कुंजाम, सुंदरिया साहू, रीना बिसेन, प्रमिला साहू, नंदबाई पटेल जुटे हुए हैं।

## पंचायत सचिव की हड़ताल से कामकाज ठप



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

पंचायत सचिव 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर वे आरपार के मूड में हैं। शासन प्रशासन की लाख कोशिश की बावजूद हड़ताल में डटे हुए हैं। शासन ने 24 घंटे के अंदर हड़ताली सचिवों को पुनः काम पर लौटने का फरमान जारी किया था। पंचायत सचिवों ने इस आदेश की प्रतियां जलाकर शासन के फरमान का कड़ा विरोध किया है। इधर सचिवों के हड़ताल में चले जाने से पंचायत का कामकाज ठप हो गया है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का सर्वे, राशन कार्ड, नए निर्माण कार्य, नाम काटने, जोड़ने सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नवनिर्वाचित कुछ सरपंचों को सचिव के अभाव में चार्ज नहीं दिया गया है। पंचायत फंड से राशि का आहरण नहीं हो पा रहा है। मार्च क्लोजिंग के समय पंचायत सचिव के हड़ताल में होने से पंचायत का लेखा-जोखा काफी प्रभावित हो रहा है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में छात्राध्यापकों की कार्यशाला लगी

## स्कूल जनचेतना का केंद्र होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में प्रकाशराय प्राचार्य डाइट नगरी के दिशा-निर्देश पर एवं पीएसटीई प्रभारी जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी के मार्गदर्शन पर 6 दिवसीय कार्यशाला डाइट नगरी में हुई। कार्यशाला के प्रथम दिवस लक्ष्मणराव मगर सेवानिवृत सहायक संचालक ने शिक्षा एवं शिक्षक की भूमिका पर प्रशिक्षण दिया। विद्यालय में कितने प्रकार की पंजी होती है। पंजी को साधारण कैसे करें, सूचीबद्ध कैसे करें रखरखाव कैसे करें एवं कितने प्रकार के अवकाश होते हैं, भावी शिक्षक इससे लाभान्वित हुए। कार्यशाला के दूसरे दिन निशा साहू व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल सिहावा ने मेडिटेशन योग के नियम बताए। निशा साहू ने गणित की अवधारणा को कैसे क्लियर करें, टीएलएम के माध्यम से बताया। दूधेश्वर साहू शिक्षक माध्यमिक शाला मौहाबाहरा ने स्काउट गाइड के नियम से छात्राध्यापकों को अवगत कराया। मनोज साहू व्याख्याता हाईस्कूल उमरगांव ने शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया। छात्राध्यापकों को आग लगने पर बच्चों को दुर्घटना होने से बचाने के उपाए बताए।

कार्यशाला के तृतीय दिवस माध्यमिक शाला बोड़रा की कक्षा छठवीं के छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानपाठक महेंद्र कुमार बोरझा व उच्च श्रेणी शिक्षक गोविंद राम निषाद ने भाग लिया। श्री बोरझा ने अंग्रेजी को रोचक बनाने के टिप्स दिए। गोविंदराम निषाद, महेंद्र कुमार बोरझा ने विज्ञान के चमत्कार के रूप में जादुई प्रदर्शन किया। चतुर्थ दिवस डी.सी. खत्री सेवानिवृत व्याख्याता ने जैविक क्रिया पर व्याख्यान दिया गया। प्राशा जामपानी के प्रधानपाठक कृष्ण कुमार कोटेंद्र ने बताया कि उनके पूर्व विद्यालय प्राशा बरबांधा में 98 प्रतिशत आदिवासी बच्चे पढ़ते हैं जहां 30 बच्चे नवोदय विद्यालय, 20 बच्चों का एकलव्य विद्यालय में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन विद्यालय लगने के पूर्व एवं छुट्टी के बाद दो-दो घंटे अतिरिक्त समय देकर 50 बच्चों का चयन कराया।

प्राशा डोंगरीपारा सिहावा के प्रधानपाठक यशवंत डिड़ेकर ने बताया कि समुदाय के साथ मिलकर विद्यालय में शिक्षण एवं भौतिक संसाधन व्यवस्था की जा सकती है। प्राशा गिधावा के प्रधानपाठक निर्मलकर ने शिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। दीनबंधु सिन्हा प्रधानपाठक खरतुली ने बताया कि सभी 70 बच्चे अलग-अलग दिन प्रार्थना का संचालन करते हैं। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा बठेना वार्ड धमतरी के शिक्षक ने भी अपने विचार रखे।

अंतिम दिवस डां. व्हीपी चंद्रा प्राचार्य सेजस सिंगपुर मगरलोड ने नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला। औपचारिक शिक्षा एवं अनौपचारिकता शिक्षा की महत्ता पर अपने विचार रखे। वर्तमान में दादा-दादी की कहानी चौपाल की शिक्षा बच्चों को देने पर जोर दिया। आगे कहा कि स्कूल जनचेतना का केंद्र होना चाहिए। डाइट के सहायक प्राध्यापक डीके साहू, संगीता रणघाती पीएसटीई प्रभारी एवं प्रशिक्षण प्रभारी जोहन नेताम ने कहा कि इस प्रशिक्षण से संबंधित सभी बिंदुओं पर गहनता से छात्राध्याकों को प्रशिक्षण दिया गया।

## अंचल की खबरें

### करेली छोटी में 191 ज्योति प्रज्वलित





**मगरलोड।** छोटी करेली में रामेश्वर भगत के घर मां दुर्गा, मां काली का मंदिर है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में घी की 18 ज्योति तथा 173 तेल ज्योति कुल 191 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। माता की भक्ति में श्रद्धालु लीन हैं। गांव के शीतला मंदिर, दुर्गा माता मंदिर में भी आस्था और विश्वास की ज्योति जगमगा रही है।

### रमई माता मंदिर में आस्था के दीप जले



**मगरलोड।** जय रमई मां संकल्प युवा विकास समिति राजगढ़ पहंदा द्वारा रमई माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर दीप प्रज्वलित किया जाएगा। नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना हुई। 2 अप्रैल को पंचमी श्रृंगार, 5 अप्रैल शनिवार को अष्टमी हवन, पूजन होगा। 12 अप्रैल को शनिवार को रमई माता की जातरा होगी। माता की सेवा में समिति के पदाधिकारी युगल किशोर देवदास, गैंदलाल देवांगन, गंगाधर साहू, वेदप्रकाश सिन्हा, टाकेश ध्रुव, ख़ुमेश साहू, रघु साहू, यशवंत साहू, नंदकुमार ,योगेश साहू, संतराम, मोहित देवदास जुटे हुए हैं।

### मां दंतेश्वरी के दर्शन करने साइकिल से रवाना हुआ भक्त



**नगरी।** संदीप शांडिल्य भीतररास शीतला मंदिर सिहावा में माता का आशीर्वाद लेकर दंतेवाड़ा मां दंतेश्वरी के दर्शन करने व गांव की खुशहाली के लिए साइकिल से रवाना हुए। इस दौरान सरपंच रेमंड शांडिल्य, सुनील यादव, उपसरपंच लकेश्वर शांडिल्य, पंच बीरेंद्र शांडिल्य, तुकाराम साहू, निलेश बिसेन, प्रवीण गुप्ता, तुकाराम बैस, बलदेव निषाद, प्रीतम पटेल, उत्तम साहू मौजूद थे।

### सिन्हा समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ



**मगरलोड।** छग कलार समाज मोहंदी परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन राजपुर में हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी रामकुमार सिन्हा थे। अध्यक्षता जामबाई सिन्हा सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ हरिविनायक सिन्हा सरपंच सरगी, लोकेश्वर सिन्हा सचिव मोहंदी परिक्षेत्र, गिरवर सिन्हा जिला कार्यकारिणी सदस्य थे। मोहंदी परिक्षेत्र सिन्हा समाज के नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उमेन्द्र सिन्हा, डोमार सिन्हा, भोला सिन्हा, तामेश्वर सिन्हा, मनोहर सिन्हा, पूनम सिन्हा, फूलजी सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, खिलावन सिन्हा, चोवा सिन्हा, विष्णु सिन्हा, मलित सिन्हा सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

### राजमिस्त्री संघ कार्यालय में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



- नशा को कम करने में संघ, संगठन अपना योगदान दें : भानु

**कुरुद।** शुक्रवार को राजमिस्त्री संघ कार्यालय कुरुद मे जेके लक्ष्मी सीमेंट एवं संघ के पदाधिकारियों-सदस्यों द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत कुरुद के विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर थे। उन्होंने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि कुरूद क्षेत्र में नशे को कम करने के लिए संघ-संगठनों को आगे आकर महिला कमांडो के उत्साह वर्धन और सहयोग के लिए भी काम करना है। इसकी शुरुआत आप सभी को अपने घर परिवार से करनी है। इस अवसर पर संघ के संरक्षक तोमन सोनबेर, अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के अलावा कम्पनी के कर्मचाीि, डाक्टर एवं डीलरों सहित स्वास्थ्य लाभ लेने वाले नागरिकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की मंत्रणा

## जलाशयों से जरुरत अनुसार भरे जाएंगे ग्रामीण तालाब

- गंगरेल में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने पर भी हुई बात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पानी की कमी वाले स्थानों पर पर्याप्त जल आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार पहले ही ऐसे स्थानों की पहचान कर वहां जल आपूर्ति के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। ग्रामीण इलाकों में गर्मी में सूख जाने वाले तालाबों में जलाशयों और बांधों से पानी भरकर इस समस्या से निपटने का प्रयास भी किया जाएगा।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस बारे में चर्चा की। उन्होंने अगले तीन दिनों में ऐसे तालाबों की पहचान करने को कहा, जो गर्मियों में सूख जाते हैं और उन गांवों में लोगों को निस्तारी के लिए असुविधा झेलनी पड़ती है। कलेक्टर ने ऐसे क्षेत्रों के तालाबों को बांधों और जलाशयों से पानी छोड़कर भरने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पानी छोड़ने से पहले वितरक नहरों और नालियों की भी अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए, ताकि बांधों से छोड़ा गया पानी आसानी से तालाबों तक पहुंच सके। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कलेक्टर ने धमतरी के मुख्य पर्यटन केन्द्र गंगरेल बांध में सुविधाएं बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने गंगरेल के कैचमेंट एरिया के छोटे टापू-आईलैंड पर भी पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने पर विचार किया। श्री मिश्रा ने फैमिली आईलैंड पर पर्यटकों के रूकने, खाने-पीने और मनोरंजन के लिए साधन विकसित करने योजना बनाने को कहा। उन्होंने गंगरेल में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जरूरी स्वीकृति भी नियमानुसार टेलीकॉम कंपनियों को देने के निर्देश दिए।

Pride of Dhamtari

आनंद उत्सव
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ,
प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, भीजामगांव - 95754-57523, आंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### घर फूंक तमाशा देख विषय पर चित्र प्रदर्शनी



**धमतरी।** सामाजिक कुप्रथाएं एवं नशाखोरी के विरुद्ध जनजागृति पैदा करने समाज कल्याण विभाग जिला धमतरी के बरामदे में घर फूंक तमाशा देख नामक पेंटिंग की पदर्शनी मनोहरदास कलाकार समाज कल्याण विभाग एवं कुमारी बिंदुदास इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आमजनता के अवलोकनार्थ लगाई गई है।

### प्रशिक्षण के बाद गांव लौटे अग्निवीर का हुआ स्वागत



**मगरलोड।** ग्राम डाभा निवासी पोषण साहू पिता शिव कुमार साहू का चयन एसएसआर अग्निवीर इंडियन नेवी में हुआ था। 4 माह का प्रशिक्षण आईएनएस चिल्का उड़ीसा एवं 15 दिन का प्रशिक्षण विशाखापत्तनम में हुआ। 5 माह के प्रशिक्षण के पश्चात गांव लौटे पोषण साहू का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सरपंच, पंचगण, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी, साहू समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पूजा-अर्चना कर हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



**नगरी।** ग्राम पंचायत मेचका में चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष पर शासन के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024 -25 में पूर्ण हुए आवासों में पूजा-अर्चना कर हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया। मौके पर सरपंच जीवनलाल नाग, वार्ड पंच लकेश्वर साहू, रोजगार सहायक दिनेश नाग, नरेन्द्र नेताम, रामभुवन प्रजापति, जगदेव नेताम, पवन नेताम, सुरेश मरकाम, मोगेन्द्र नेताम, टिकेश नेताम, परस साहू, प्रताप यादव, श्रीमती शांता बाई प्रजापति, श्रीमती महेशवरी मरकाम, श्रीमती शंकुतला मरकाम, आवास मित्र भूपेन्द्र नाग मौजूद थे।

### नागेश्वर महलिंगम मंदिर में हुई महाआरती



**सांकरा।** ग्राम सांकरा के शंकर चौक में हिन्दू नववर्ष पर रुद्र परिवार द्वारा श्री नागेश्वर महलिंगम मन्दिर में भव्य आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्रीराम सेना सांकरा के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया। अमरनाथेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर राम भक्तों ने जयकारे के साथ 6 अप्रैल को प्रत्येक घर में दीप प्रज्ज्वलित कर श्री राम भगवान का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाने की अपील की। मौके पर समिति अध्यक्ष प्रवीण साहू, भरत पटेल, यश साहू, डेविड साहू, लिलेश साहू, टेकांत सोनी, साहिल राजपूत, बिट्टू सोनी, विजय साहू, दयानंद साहू, पोखराज तारक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जरही माता मंदिर में 400 मनोकामना दीप जले





**धमतरी।** धमतरी से 10 किलोमीटर दूर रायपुर रोड पर ओवरब्रिज के पास जरही माता मंदिर में 400 मनोकामना ज्योति जल रही है। मंदिर परिसर में पांच दिवसीय जस झांकी का आयोजन मंदिर समिति द्वारा एवं दानदाताओं के सहयोग से किया गया है। प्रथम दिवस 31 मार्च को अंजनी के दुलरवा फाग एवं जस मंडली भठेली, 1 अप्रैल को जय मां महाकाली फाग एवं जस मंडली भोथली, 2 अप्रैल को नव जगृति जस झाकी परिवार डांडेसरा, 3 अप्रैल को जय मां छत्तीसगढ़ महतारी फाग एवं झस परिवार बगदेही, 4 अप्रैल को जय मां विंध्यवासिनी महिला मानस एवं रामधुनी मंडली गोकुलपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी गोविन्द चक्रधारी सांकरा ने दी।

### अमेरिका की सूर्या बेन ने चौथे वर्ष भी प्याऊ घर खुलवाया



**धमतरी।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रत्नाबांधा रोड स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस प्याऊ का उद्घाटन समाजसेवी बिपिन दोशी एवं गोपाल शर्मा ने स्वास्तिक अंकित कर किया। इस प्याऊ की संचालक डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि लॉस एंजिल्स (अमेरिका) में निवासरत महाराष्ट्र के अमरावती की मूल निवासी श्रीमती सूर्या बेन शेठ ने अपने पति स्व. मनहर शेठ की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्याऊ की स्थापना करवाई है। यह कार्य श्रीमती शेठ ने अपनी लॉस एंजिल्स की मित्र और धमतरी की मूल निवासी पूर्व विधायक स्व. जयाबेन दोशी की बेटी श्रीमती कृष्णा बेन वलिया के सुझाव पर किया। यह उनके प्याऊ सेवा का चौथा वर्ष है। प्याऊ के उद्घाटन अवसर पर अरविंद दोशी, मदनमोहन खंडेलवाल, पराग दोशी, नंदन दोशी, पायल खंडेलवाल, गौरव लोहाना, सुनील भारद्वाज, सुलेखा जोशी, ऐश्वर्या खंडेलवाल, धनश्री जोशी, राधिका जोशी, शिवान्या खंडेलवाल, सरिता दोशी, पप्पू, घनश्याम, रिजवान, राजा ने राहगीरों को ठंडा मठा पिलाया।

सियासी दलों के नेता व हिन्दू समाज के लोगों ने ईदगाह में मुस्लिम भाइयों को गले लगाया

# मोहब्बत और भाईचारे के साथ मनाया गया ईद का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



माहे रमजान रोजे और इबादत में गुजार मुस्लिम भाइयों ने मोहब्बत और भाईचारे का पर्व ईदुल फितर सभी भाइयों से गले मिलकर मनाया। सियासी दलों के नेता, अधिकारी एवं हिन्दू समाज के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले लगाया और साथ बैठकर मीठी सेवइयां खाई। सुबह साढ़े नौ बजे ईदगाह मैदान में हाफिज अमानुल्लाह कादरी ने ईदुल फितर की सामूहिक नमाज अदा कराई। बाद नमाज सलातोंसलाम का नजराना पेश कर पूरे कायनात में अमन सुकून की दुआ मांगी गई। नूरानी यंग कमेटी की ओर से सभी को सेवइयां खिलाई गई। तत्पश्चात सभी ने कब्रिस्तान एवं मजारों में जाकर मरहूमीन के हक़ में फातिहा पढ़ी। इसके पूर्व रविवार को बाद नमाज़ ईशा मस्जिद में दस दिनों तक ऐतेकाफ में बैठे ताहिर रज़ा का समाज प्रमुख अय्यूब ख़ान, गफ्फार हलारी, मोज्जम शाहबुद्दीन, शेख युनूस, शेख़ जमील, इस्लाम रज़ा, मुजीब खां ने गुलपोशी के साथ इस्तकबाल किया।

ईद के दिन सुबह विधायक अजय चन्द्राकर ने फोन पर और विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद मनीष साहू, पूर्व पार्षद खिलेन्द्र चन्द्राकर, चंदन शर्मा ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाईयों को पर्व की मुबारक़बाद दी।

इस मौके पर हाजी सै. हसन अली, सुलेमान हलारी, शेख बब्बू, हकीम खान, लतीफ उस्मानी, जिकर, कासम अली,जमाल रिजवी, सफी खान, अजीज खां, अमीन हलारी, अहमद, मो. युसूफ, इमरान बेग, इसहाक खां, शेख शाहबुद्दीन, गयासुद्दीन, समसु, अख्तर खान, मेहबूब, फ़ैज़ खान, सलीम गोरी, सरफराज शेख़, रिजवान रिजवी, फरजान, वकार खान, अरमान कुरैशी, जाहिद शेख, रहिम कुरैशी, मुन्ना, जावेद, आबिद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## छात्रों को दिए सिविल सर्विसेज परीक्षा के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल व रसायन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता आकाश सिन्हा डायरेक्टर सीजी एस्पायर एकेडमी धमतरी व सुनील जॉन कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद थे।

अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को यूपीएससी, पीएससी अन्य सरकारी पदों की तैयारी हेतु गाइडेंस व भारतीय सेना से जुड़कर देश सेवा हेतु प्रेरित करना था। प्राचार्य डॉ मंजु झा ने छात्रों को सिविल सर्विसेज परीक्षा के महत्व व करियर हेतु चयन के लिए प्रेरित करते हुए किया। आकाश सिन्हा ने छात्रों को यूपीएससी, पीएससी के सिलेबस से संबंधित जानकारी दी। सुनील जॉन ने बताया कि सेना में कार्य जीवन जीने का एक तरीका है। आपको अनुशासित करता है। आपको विभिन्न आयाम तक सोचने की क्षमता प्रदान करता है। मंच का संचालन हरविंदर सिंह कुर्रे सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती अनुनय टोप्पो सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान, लोकेंद्र सुधाकर ग्रंथपाल, विजय डोंगरे उपस्थित थे।

## सावधानः छात्रों को ठगने के लिए साइबर ठगों ने फैलाया जाल

■ पालकों से रुपए मांगकर छात्रों को पास करने का दे रहे झांसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन शुरू होते ही साइबर अपराधी एक्टिव हो गए हैं। केवल धमतरी जिले में ही नहीं पूरे प्रदेश में साइबर ठग के कॉल आ रहे हैं। पालकों से रुपए मांगकर वे छात्रों को पास करने का झांसा दे रहे हैं। पुलिस विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए पालकों को सावधान रहने की सलाह दी है। ऐसे कॉल आने पर पुलिस से शिकायत करने को कहा गया है।

बोर्ड परीक्षा के बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। इस अवसर को भुनाने में साइबर ठग लगे हुए हैं। वे बोर्ड परीक्षा के छात्रों की जानकारी निकालकर उनके पालकों को फोन कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वे पालकों को झांसा दे रहे हैं कि उनका बच्चा दो या तीन विषय में फेल हो गया है। उनको पास करने के लिए वे 5-10 हजार रुपए की डिमांड भी कर रहे हैं। ऐसे कॉल्स केवल धमतरी में नहीं बल्कि सभी जगहों पर आ रहे हैं। पुलिस ने सलाह दी है कि ऐसे फर्जी फोन कॉल्स को अनदेखा करें। ठगों के झांसे में न आएं। किसी व्यक्ति के पास ऐसे कॉल आते हैं तो तुरंत 1930 नंबर डायल कर साइबर हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराएं।

## पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने किया गृह प्रवेश

■ जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने रिबन काटकर पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्राम पंचायत कठौली में 30 मार्च को हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही श्यामा राम निषाद, अर्जुन निषाद, तेजराम नगारची, मोतीराम निषाद, पार्वती साहू के आवास में रिबन काटकर पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश कराया। श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए उचित आवास तक पहुंच सुनिश्चित करने और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने की प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 3 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा। गृहप्रवेश के दौरान कठौली सरपंच खेमराज साहू, उपसरपंच फगनी बाई निषाद, पंचगण शत्रुघन साहू, छगनलाल साहू, हुलसी बाई साहू, पोखराज साहू, कुंती बाई निषाद, संतोषी निषाद, निर्मल साहू, लिलेश साहू, लता बाई साहू, टिकेश्वरी साहू, ताम्रध्वज साहू, लोमेश कुमारी, गणेश राम निषाद, रेखा पटेल समेत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से होंगे 77.59 लाख रुपये के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर कुरुद विधानसभा के गांवों में सामुदायिक गतिविधियों के लिए भवन, चमचमाती सीसी सड़क एवं बारिश से बचाव के सामाजिक भवनों के पास शेड निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना 2024-25 के तहत 77.59 लाख रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेली बड़ी में कुल 6 यूनिट जिसमें आंगन बाड़ी क्रमांक 06 से भारत लाल घर तक एवं राधे राम निषाद घर से खेदूराम घर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य किये जायेंगे जिसके लिए 7.80 लाख-लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इसी क्रम में कुरुद विकासखंड के ग्राम चरोटा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5.20 लाख एवं खपरी (सी) के लिए 7.80 लाख रुपये एवं भेलवाकूदा में मेन रोड से मंशा राम ध्रुव घर तक सीसी रोड के लिए 5.20 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। जोरातराई (अं) में बाजार चौक और सतनाम पारा में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख रुपये की स्वीकृति है। इसी प्रकार सुपेला, देवरी, सिहाद व पचपेड़ी में भी सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख-लाख रुपये की स्वीकृति है। वहीं सुपेला में शेड निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपये एवं नवागांव थुहा में मुक्तिधाम के लिए 4.79 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। उक्त स्वीकृति पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, वीरेंद्र साहू मगरलोड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, जनपद सदस्य आनंद यदु, सिंधु बैस, सरपंचगण छबिलेश सिन्हा, प्रमिला साहू, पूर्णिमा साहू, सरिता बैस ने हर्ष जाहिर करते हुए विधायक श्री चंद्राकर का आभार माना है।

## मुस्लिम समाज ने मनाई ईद, बांटी खुशियां



■ नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने ईदगाह पहुंचकर दी मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी सिहावा क्षेत्र में ईदुलफितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह में ईदुलफितर की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए खुशियां बांटते नजर आए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईदुलफितर रमजान के महीने के बाद आने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है।यह दिन विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लिए खुशी और आभार का प्रतीक होता है। रमजान के महीने में दिनभर रोजा रखने के बाद, यह त्योहार रात्रि में तरावीह की नमाज के साथ शुरू होता है और विशेष रूप से ईद की नमाज के साथ एक नई शुरुआत का संदेश देता है। नमाज के बाद लोग मस्जिद के बाहर निकलकर एक-दूसरे से मिलते हैं। वे गले लगकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं। इस दिन खासतौर पर रिश्ते मजबूत करने की कोशिश की जाती है। लोग एक-दूसरे को मीठे पकवान और सेवई बांटते हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद, पार्षद राजा पवार ने ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज के बाद मुस्लिम समाज से गले मिलकर ईद की बधाई दी व आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में इस दिन नए कपड़े पहनने की परंपरा है।

## आंबा कार्यकर्ता बच्चों के विकास की पहली सीढ़ी



■ ब्रम्हाकुमारीज सेंटर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। बीके भावना, बीके परमेश्वरी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू, दमयंती साहू, सीता साहू, सुशीला गिरी, ऋषि साहू, ललिता गौर, यामिनी नाग, अनीता यादव, प्रेम बाई ठाकुर एवं सहायिका शशि प्रभा ठाकुर, निर्मला यादव, सियाबती ध्रुव, नीरा भरेवा, परमेश्वरी देव, नीलम गौर, गोदावरी सेन, अंजनी साहू, खेमिन साहू, जानकी साहू, गुलेश्वरी साहू को सम्मानित किया।

राजयोगिनी बीके भावना ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय व काबिले तारीफ है। नौनिहाल बच्चों के लिए आप आधार स्तंभ हो। आपके द्वारा बच्चों में ज्ञानवर्धक बातों के साथ सुसंस्कार भी दिए जाते हैं जिससे बच्चा एक संयमित व सशक्त नागरिक बनता है। आप बच्चों के विकास की पहली सीढ़ी हैं। आगे कहा कि जिस प्रकार घृत डालने दीपक जलते हैं ठीक उसी प्रकार वर्तमान समय में परमात्मा शिव हम आत्माओं में ज्ञान रुपी घृत डालकर जगा रहे हैं। हमारा शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है वैसे ही आत्माओं में भी सात गुण सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता व ज्ञान होते हैं। आज हमारे पास भौतिक सुख सुविधा है परंतु आत्मिक सुख कहीं नहीं है। श्रीमती महेश्वरी साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर परिवार के साथ समाज के कार्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। श्रीमती सीता साहू ने कहा कि हमारी बहनें विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। ऋषि साहू ने कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास में बहनें विशेष योगदान दे रही हैं। श्रीमती दमयंती साहू ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं ठीक उसी प्रकार कुछ समय निकालकर ईश्वरीय ज्ञान को अपने जीवन में धारण करना होगा जिससे हमें अलौकिक शांति व आनंद की प्राप्ति होगी। कार्यक्रम का संचालन दमयंती व आभार प्रदर्शन उत्तम साहू ने किया।

## न्यायालय ने 25 दिन के भीतर पार्ट फाइनल पास करने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा लगभग एक वर्ष पहले से पार्ट फाइनल को लेकर उपनिदेशक वरुण जैन टाइगर रिजर्व से जवाब मांगा गया था। उच्च न्यायालय बिलासपुर में एमआर साहू सहायक संचालक सीतानादी टाइगर रिजर्व द्वारा लगभग एक वर्ष पहले से पार्ट फाइनल स्वीकृति नहीं करने एवं अनाधिकृत वेतन कटौती करने के कारण रिट याचिका लगाई गई। वरुण जैन ने कोर्ट के सामने उपस्थित होकर 25 दिनों में पार्ट फाइनल स्वीकृति करने का जवाब दिया। 9 माह के शेष वेतन हेतु न्यायालय ने एक सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने आदेश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से मनोज परांजपे एवं अनुष्का शर्मा द्वारा पैरवी की गई। पैरवी में श्री परांजपे द्वारा पक्ष रखा गया कि याचिकाकर्ता अपनी बच्चियों को कोटा शिक्षा हेतु भेजने पार्ट फाइनल एक वर्ष पूर्व से मांग की थी जो आज दिनांक तक स्वीकृत नहीं हो पाया। न्यायालय ने इसे संज्ञान में लेते हुए 25 दिन के भीतर जीपीएफ पार्ट फाइनल पास करने निर्देशित किया। वेतन रोकने का अधिकार उपनिदेशक के पास नहीं है। बिना सक्षम अधिकारी नियुक्तिकर्ता अनुशासनिक अधिकारी के स्पष्ट कारण बताओ, विभागीय जांच आदेश के बगैर वेतन रोकना अवैधानिक है। इस पर न्यायालय ने 3 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। नियमतः बिना सक्षम अधिकारी के जांच आदेश किसी अधिकारी कर्मचारी का वेतन नहीं रोका जा सकता।

### गौ माता की सेवा में यादव समाज की अग्रणी भूमिका : रामू

**धमतरी।** छग कोसरिया यादव समाज पाली पोटियाडीह व्दारा संध्या आरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि यादव समाज वंदनीय है क्योंकि इस कुल में ही जगत के नाथ जगन्नाथ ने जन्म लिया है। श्री कृष्ण ने स्वयं गौ माता की सेवा की है इसलिए यादव समाज हमेशा ही वंदनीय है। गौ माता की सेवा में यादव समाज की अग्रणी भूमिका है। इस अवसर पर धमतरी जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, निगम सभापति कौशिल्या देवांगना, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, कोमल यादव उपाध्यक्ष नपं आमदी, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल व अघनूराम साहू उपस्थित थे।

## पीएम मोदी का विकास ने किया स्वागत



**नगरी।** बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33,700 करोड़ रुपये से अधिक के परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी का रायपुर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अजजा प्रकोष्ठ भी मौजूद थे।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुनूराम की कहानी का प्रसारण आज



**मगरलोड**। अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू राज की छत्तीसगढ़ी कहानी कोरा हरियागे का प्रसारण आज 1 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ होगा। विदित हो कि पुनूराम साहू पिछले 50 वर्षों से आकाशवाणी के प्रसारणों से जुड़े हुए हैं और अब तक कहानी, कविता, वार्ता आदि अनेक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रसारण कर चुके हैं। आज भी जारी है।

### दिव्यांगों को नहीं मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

**धमतरी**। भारत वर्ष में 50 से 80 प्रतिशत तक 21 प्रकार के दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया है जिसमें से प्रमुख रुप से अस्थि बाधित, मूक बधिर, नेत्र बाधित, बहु विकलांग, मानसिक मंदता, आटिज्म, बौना, सिकलसेल है। इन बीमारियों से पीड़ित लोग पूरी तरह पालक पर ही निर्भर रहते हैं। शासन दवारा दिव्यांगजनों के हितार्थ कई योजना संचालित है पर 2002 के गरीबी रेखा के बंधन के कारण दिव्यांगजनों को लाभ व सुविधा नहीं मिल पाती है। छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ रायपुर के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश साहू, रवि पटेल एवं घनश्याम सिंह साहू ने किसी दिव्यांग को ही आयोग का अध्यक्ष बनाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### निगम टीम ने सड़कों से पकड़े आवारा मवेशी



**धमतरी**। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने विशेष धरपकड़ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्र से आवारा मवेशियों को पकड़कर निगम के अर्जुनी स्थित गौशालाओं में भेजा गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर की प्रमुख सड़कों पर आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या के कारण यातायात बाधित हो रहा था और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने दर्जनों गायों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इस अभियान से उम्मीद है कि शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। गौरतलब है कि रात्रि में यह अभियान चलाया जाता है। दिन में आवारा मवेशियों को पकड़ने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। ट्रैफिक रहता है। रात्रि में आवारा मवेशियों को पकड़ने में आसानी होती है। अभियान अभी आगे भी चलेगा।

धमतरी में ईद शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई, मीठी सेवईयों का लिया आनंद

# देश में अमन, चैन, शांति, भाईचारे के लिए मांगी दुआ





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रमजान के पवित्र महीने के समापन के बाद चांद दिखने पर सोमवार को मुस्लिम समाज ने ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। देश में अमन, चैन, शांति, भाईचारा, उन्नति के लिए दुआ की गई। नमाज अदा करने के बाद मीठी सेवईयों का आनंद लिया। आपस में गले मिलकर शुभकामनाएं दी। त्योहार की शुरुआत सुबह की नमाज के बाद अल्लाह से दुआ मांगी। इस मौके पर शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी गले मिलकर शुभकामनाएं दीं।

विदित हो कि रविवार की मध्य रात्रि के बाद चांद नजर आने पर सोमवार को ईद मनाने का ऐलान हुआ। इसके पूर्व रमजान के पूरे महीने रोजे रखकर और अल्लाह की इबादत की गई। सोमवार को सुबह 10 बजे ईदगाह में नमाज अदा की गई। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय में उत्साह का वातावरण रहा। नए कपड़े पहनकर परिवार सहित ईदगाह पहुंचे जहां जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मो. रहमानी रजा मिसवाही ने नमाज अदा कराई। उन्होंने तकरीर में ईद की फलीलत बताते हुए मायने बताए। बुरी आदतों, रंजिश, नफरत से दूर रहने कहा। भाईचारा, एकता बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अल्लाह और प्यारे नबी ने यही पैगाम दिया है। गलतियों के लिए माफी मांगे। ईद की नमाज पश्चात खुतबा पढ़ा गया। अमन चैन, शांति, भाईचारा, सलामती के लिए अल्लाह की बरगाह में दुआ पेश की गई। अंत में सलातोंसलाम पढ़ा गया, फिर गले मिलकर ईद की मुबारक दी गई। नमाज के बाद मुस्लिम समाज समुदाय ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमों की कब्र पर फूल चढ़ाकर फातिहा पढ़ी और अपनी खिराजे अकीदत पेश की।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, विजय साहू, पार्षद मेघराज ठाकुर, तल्लीनपुरी गोस्वामी, विकास नंदा, सुशांत कानपिल्लेवार, आनंद पवार, हरमिंदर छाबड़ा आदि ने मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दी। ईदगाह में सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तैनात थे। अंदर मैदान में छांव व शरबत, पानी की व्यवस्था थी।

## मानसगान में ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने दी प्रस्तुति

■ मानस मंडलियों से भगवान श्रीराम के आदर्शों की जानकारी मिलती है : गौकरण





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम खर्रा के शिवशंकर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य संगीतमय मानसगान एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 मार्च तक रखा गया था। इसी तरह कोड़ापार, कठौली और गणेशपुर में भी 28 से 30 मार्च को मानसगान का आयोजन किया गया।

27 मार्च को ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही वरिष्ठ ग्रामीणों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। मानसगान में ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के संचालन में नरेंद्र ध्रुवंशी का विशेष योगदान रहा। 29 मार्च को राजीवलोचन मानस परिवार परतेवा, सुर साधना बालिका मानस मंडली चंद्रसुर, सिद्धेश्वर मानस परिवार, सत्संग सरिता मानस परिवार हसदा, जय श्रीराम बालिका मानस परिवार महासमुंद, पचरंगी मानस परिवार सिलघट, तुलसी महिला मानस परिवार खुरसुल, नव तुलसी के फूल मानस परिवार बोरेंदा, मोर मायरू परिवार गांजर, नव जागृति महिला मानस मंडली राजनांदगांव की प्रस्तुति हुइ। शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी शामिल हुए। केशरी ओमप्रकाश ध्रुव सरपंच ने अध्यक्षता की।

मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि मानस मंडलियों के माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र के साथ ही पूरी रामायण की गंभीरता से जानकारी भी मिलती है। विशिष्ट अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, मनीषा त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य, लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल, आनंद यदु जनपद सदस्य, पार्वती अजय कश्यप पूर्व सरपंच खर्रा थे। कार्यक्रम में मंच संचालन धरमवीर वर्मा एवं गैंदुराम ध्रुवंशी ने किया। मौके पर रामकुमारी ध्रुवंशी, नरेंद्र ध्रुवंशी, गोवर्धन ध्रुवंशी, ओमप्रकाश साहू, चैतराम साहू, अमर तारक, बृजराज साहू, शशि ध्रुवंशी, रामप्यारी तारक, त्रिवेणी साहू, गिरजा साहू, सुनीति साहू, कुसुमलता ध्रुवंशी समेत अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## माता की भक्ति व आराधना का पर्व है नवरात्रि : कविता

■ दरगहन में जिपं सदस्य ने जोत प्रज्वलन कर क्षेत्र की खुशहाली मांगी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम दरगहन में सतबहिनी मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि पर्व पर जोत कलश स्थापना की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर थीं। अध्यक्षता भारती चंद्रहास साहू जनपद सदस्य ने की।

अतिथियों ने मां सतबहिनी की पूजा-अर्चना कर ज्योत कक्ष में जोत प्रज्वलन कर नवरात्रि का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि नवरात्रि मां की सेवा आराधना का पर्व है। इस पर्व में मां अपने नौ अलग अलग रूपों से धरती में आती है जिसकी सेवा और आराधना कर हम अपने जीवन को सुखमय व सफल बना सकते हैं।

श्रीमती बाबर ने माता से प्रार्थना करते हुए ग्राम व क्षेत्र की ख़ुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को जनपद सदस्य ने भी संबोधित किया। मौके पर समिति के सियाराम साहू, अमरसिंह पटेल, साधु राम साहू, मन्नूलाल साहू, रामनारायण साहू, बोहरिक ध्रुव, तुकाराम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ड्राइंग एवं क्राफ्ट वर्क में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

■ चैत्र नवरात्रि पर धीवर समाज ने बच्चों की प्रतिभा को निखारने किया आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चैत्र नवरात्रि पर इस वर्ष भी धीवर समाज द्वारा शीतला माता मंदिर स्थित धीवर समाज भवन में छोटे बच्चों का ड्राइंग एवं क्राफ्ट वर्क कम्पिटिशन आयोजित की गई। ग्रुप-ए में 12 वर्ष तक के 37 बच्चों एवं ग्रुप-बी में 12 वर्ष से अधिक उम्र के 15 बच्चों ने अपनी पेंटिंग एवं क्राफ्ट कला का शानदार प्रदर्शन किया। क्राफ्ट वर्क में विशेष हिरवानी ने मिट्टी से हनुमान की प्रतिमा बनाई।

पूजा मत्स्यपाल ने वाल हैंगिंग एवं राशि रिगरी ने रईचुली झूला बनाकर हस्तकला का शानदार प्रदर्शन किया। आज के कार्यक्रम के प्रभारी कोमल सार्वा, डॉ. ओमप्रकाश मत्स्यपाल एवं पवन हिरवानी थे। कल 2 अप्रैल को रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, रंगीन चावल से थाल सजाओ प्रतियोगिता एवं कलश सजाओ प्रतियोगिता होगी।

इस अवसर पर धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा ने कहा कि आज बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ कला, विज्ञान और धर्म-संस्कार से भी जोड़ने की आवश्यकता है। मौके पर सोहनलाल धीवर, श्रीमती आशा धीवर, वेणुका हिरवानी, कृष्णा हिरवानी, संदीप धीवर, प्रियंका हिरवानी, तीरथ फूटान, प्रभा फूटान, निशा फूटान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थ थे।

## चौड़ीकरण की जद में आने वाले रहवासियों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में तीन प्रमुख मार्गों में फोरलेन चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है और यह बजट में पास भी हो चुका है। इसके बाद चौड़ीकरण की जद में आने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि ज्यादातर क्षेत्र में पर्याप्त जगह बताई जा रही है लेकिन मुख्य समस्या रुद्री रोड में गोकुलपुर महात्मा गांधी वार्ड में आ रही है। जबसे यहां पर 40 फीट का सर्वे कर मार्किंग की गई है, लोगों की नींद उड़ गई है। इसी संबंध में रविवार को लक्ष्मी निवास चौक एक कैफे में महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभी का कहना था कि हम चौड़ीकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन फोरलेन का कोई औचित्य नहीं है। सभी अपने घरों में दुकान के माध्यम से जीविकोपार्जन कर रहे हैं। यदि चौड़ीकरण होता है तो उनकी दुकान, घर टूट जाएंगे। वह चाहते हैं कि चौड़ीकरण को कम किया जाए, ड्रेन टू ड्रेन रखा जाए। इस संबंध में आज मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर रामू रोहरा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद कलेक्ट्रेट भी पहुंचेंगे। बैठक में बाबूलाल यादव, विजयपुरी गोस्वामी, दीपक दुबे, गणेशुराम साहू, बीएल साहू, डॉ भूपेंद्र साहू, उदयराम साहू, लीलाराम साहू, सुरेश साहू, नरेंद्र साहू, सुरेंद्र साहू, भीष्मनारायण, चंद्रहास साहू, पारस साहू, कुमारी बाई साहू, भुनेश्वरी साहू मौजूद थे।

## जेसमिन, देवांशी की वाकपटुता से प्रभावित हुए कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से लगे लोहरसी के आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले छोटे बच्चों जेसमिन और देवांशी ने अपनी वाकपटुता से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव का खासा प्रभावित किया। कलेक्टर ने इस आंगनबाड़ी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और यहा पहुंचे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों के नाम पूछे। कलेक्टर ने प्ले कार्ड दिखाकर बच्चों से उनमें बनी आकृतियों के बारे में पूछा। साइकिल के प्ले कार्ड को देखकर जेसमिन ने तपाक से उत्तर दिया और कहा कि मोर घर भी हे साइकिल, मोर पापा चलाथे, मैं हा बैठथों। वहीं देवांशी ने हेलिकॉप्टर के प्ले कार्ड को पहचान कर उत्तर दिया। कलेक्टर इन दोनों नटखट बच्चियों की बाल लीलाओं से बहुत प्रभावित हुए और उनकी प्रशंसा की। आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों के नाश्ते और भोजन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के लिए बने रेडी-टू-ईट के पोषक हलवे का स्वाद भी चखा श्री मिश्रा ने बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी संचालन के समय की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में आंगनबाड़ियां सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक संचालित हो रही हैं। शासन के निर्देशानुसार एक अप्रैल से आंगनबाड़ियों का समय सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक रहेगा।

### कलेक्टर ने केंद्रीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**धमतरी**। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने लोहरसी के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में दर्ज विद्यार्थियों की संख्या, पढ़ने-पढ़ाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी स्कूल के प्राचार्य से ली। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की हैसियत से कलेक्टर ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों और अन्य दूसरे कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपना-अपना कार्य पूरी क्षमता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल में चल रहीं परीक्षाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने गर्मी की छुट्टियों में स्कूल के बच्चों के लिए समर कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस समर कैम्प में बच्चों को क्रॉफ्ट, म्यूजिक, चित्रकला, फाईन आर्ट के साथ स्थानीय लोककृतियों और शिल्पों के बारे में भी बताने को कहा। कलेक्टर ने स्कूल की प्रयोगशालाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए प्रयोगशालाओं में पर्याप्त सामग्रियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राचार्य की मांग पर प्रयोगशाला सामग्रियों के लिए मांगपत्र प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने विद्यालय में पढ़ने वाले छह वर्ष से अधिक उम्र के सभी बच्चों का आधार कार्ड अपडेशन कराने के लिए शिविर लगाने के भी निर्देश दिए।

## पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य के साथ निकलेगी महारैली

■ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने समाजजनों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय बौद्ध महासभा की सर्व अनुसूचित जाति जनजाति एवं भीम आर्मी के साथ बैठक अंबेडकर मंगल भवन दानीटोला वार्ड धमतरी में हुई। बैठक में सर्व अनुसूचित जाति जनजाति एवं भीम आर्मी के प्रमुखों ने निर्णय लिया है कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती धूमधाम मनाई जायेगी। 14 अप्रैल को 9 बजे सर्व अनुसूचित जाति जनजाति, भीम आर्मी, बौद्ध अनुयायी अंबेडकर चौक में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पंचशील का पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात महारैली आदिवासी समाज, सतनामी समाज, बौद्ध समाज द्वारा पा रं प रि क वेशभूषा में नृत्य करते निकाली जायेगी। बैठक में भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम, अध्यक्ष जीवनलाल मरई अनुसूचित जनजाति सर्व आदिवासी समाज, उपाध्यक्ष महेश रावटे, गेवाराम नेताम अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अध्यक्ष, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत कुर्रे, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे, अनुसूचित जनजाति संघ धमतरी तहसील के अध्यक्ष राहुल नेताम, हर्ष मरकाम अनुसूचित जनजाति के युवा प्रभाग कोषाध्यक्ष, गौतम पोटाई अनु. जनजाति शासकीय सेवक संघ, खिलेंद्र पडोटी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग, भावसिंह डहरे अध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी, प्रेमलाल कुर्रे, गोपी कुर्रे, आरपी संभाकर, दिनेश बंजारे, शंकर कुर्रे उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे और खगेन्द्र कुटारे ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

16 दिनों तक हुई भगवान की पूजा-अर्चना, पति की लंबी उम्र की कामना की

# सुहागिन महिलाओं ने की भगवान गणगौर की पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में सोमवार को माहेश्वरी समाज, राजस्थानी गौड़ ब्राम्हण, अग्रवाल समाज एवं अन्य समाजों की सुहागिन महिलाओं ने भगवान गणगौर की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस त्योहार में भगवान शिवजी ईसर , माता पार्वती गौरी की विशेष पूजा की जाती है। गणगौर पूजन व्रत पति की दीर्घायु की कामना को लेकर की जाती है। होलिकादहन के दूसरे दिन से शुरु हुई पूजा 16 दिन तक चलती है।

माहेश्वरी समाज द्वारा सोमवार को हरदिहा साहू समाज भवन में गणगौर पूजा का कार्यक्रम रखा गया जिसमें समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं। गौर की पूजा करते हुए अखंड सौभाग्यवती की कामना की गई। गीत गाकर सामूहिक रूप से गणगौर की पूजा की गई। शाम को शोभायात्रा निकली जिसे रूद्री बांध में विसर्जित की गई।

राजस्थानी गौड़ ब्राम्हण महिला मंडल ने सोमवार को जगदीश मंदिर परिसर में गणगौर की पूजा की। ईशर और गौर की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर सरोज शर्मा, आशा श्रोती, प्रियंका शर्मा ने बताया कि विवाहित महिलाओं ने होली के बाद 16 दिनों तक गणगौर भगवान की पूजा की। अंतिम दिन पूजा पाठ के बाद शोभायात्रा, विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, राजेंद्र सोनी, पूजा चौबे, अर्चना चौबे, पूजा शर्मा, आकांक्षा शर्मा, प्रभा चौबे, प्रतिभा शर्मा, कृष्णा शर्मा, वंदना शर्मा, हेमलता राजौड़िया, दुर्गा इंदौरिया, नीलू शर्मा मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020